<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 22/06/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 21.06.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना दुल्ल्हपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.06.2025 को थानाध्यक्ष दुल्लहपुर मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर जलालाबाद से देवा जाने वाला रोड बहद ग्राम देवा से अभियुक्त मोनू यादव पुत्र स्व0 पुन्नू यादव निवासी पंसरवा लहुरापुर थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 21 वर्ष को एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 145/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1.मोनू यादव पुत्र स्व0 पुन्नू यादव निवासी पंसरवा लहुरापुर थाना मरदह जनपद गाजीपुर उम्र 21 वर्ष

आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0- 145/205 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।
2.मु0अ0सं0-36/25 धारा 60 आबकाकीरी अधिनियिम थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।
3.मु0अ0सं0- 139/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 305(A), 317(2) बीएनएस थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।
4.मु0अ0सं0- 049/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 380, 411 भादवि थाना मरदह जनपद गाजीपुर।
5.मु0अ0सं0- 159/24 धारा 305,324 बीएनएस थाना मरदह जनपद गाजीपुर।

<u>02-थाना दुल्लहपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 143/25 धारा 74,333,352,115(2),351(3),65(1) बीएनएस ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.06.2025 को उ0नि0 श्री गामा लाल मय हमराह थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 143/25

धारा 74,333,352,115(2),351(3),65(1) बीएनएस ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राहुल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम धर्मागतपुर पाही थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को रामनारा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।
गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः- –
1.राहुल यादव पुत्र राजेश यादव नि0 धर्मागतपुर पाही थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष।

03-थाना दिलदारनगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 114/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 15 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल किया गया बरामद।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक गाजीपुर महोदय द्वारा थाना स्थानीय के लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानियां के कुशल पर्यवेक्षण में आवेदक संजय राम पुत्र बालचन्द्र राम निवासी जबुरना गाजीपुर के पुत्र सुजीत कुमार उम्र करीब 15 वर्ष दिनांक 14.06.2025 शाम 06.00 बजे को घर ग्राम जबुरना से फुलबाल खेलने गया था जो वापस नही आने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना के क्रम मे सम्बन्धित गुमशुदा को सर्विलांस सेल, सुरागरसी पतारसी व मुखबीर खास की सूचना पर दिल्ली लोकेशन प्राप्त हुआ जिन्हे थाना स्थानीय के उप निरीक्षक श्री सत्येन्द्र सिंह चंदेल मय हमराह का0 सूरज चौहान द्वारा उपरोक्त गुमशुदा को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर